हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025



11 बस स्टैण्ड में सुविधाओं की दरकार यात्रियों के लिए...



12 मां कर्मा जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा







मो. 87700-12645, 94076-26176

आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान

नगद खरीदें - सस्ता खरीदें

यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर

एल ई डी टी.वी. | फ्रिज | वाशिंग मशीन | कूलर | पंखा | दीवान (पलंग) | अलमारी | ड्रेसिंग | डायनिंग टेबल | सोफा सेट

हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)

क्वालिटी में कोई समझौता नहीं

सभी सामान एक छत के नीचे

एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध

दाम भी बजट के अनुरूप

घर पहुंच सेवा

T&C*


## खबर संक्षेप



### चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से मंदिरो में तैयारियां शुरू

**मैनपुर।** चैत्र बासंती नवरात्र का पर्व 30 मार्च दिन रविवार से प्रारंभ होने जा रहा है जिसके लिए मां दुर्गा मंदिर वन परिसर मैनपुर, मां भगवती मंदिर फुलझर, पैरी उद्गम भाटीगढ़, बाजघाटी उदंती स्थित माँ उदंतेश्वरी मंदिर सहित क्षेत्र भर के देवी मंदिरों में रंग रोगन व नवरात्रपर्व की तैयारी की जा रही है दुर्गा मंदिर वन परिसर मैनपुर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि 30 मार्च 2025 को नए विक्रम संवत 2082 के प्रारंभ होने के साथ हिंदू नव वर्ष के प्रथम दिवस पर 30 मार्च 2025 दिन रविवार को चैत्र नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस पर घट स्थापना मनोकामना ज्योत कलश प्रज्वलित किए जाएंगे व जवारे बोये जाएंगे 2 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को श्रीपंचमी पर देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा एवं श्री दुर्गा अष्टमी महाष्टमी पर हवन पूजन पूर्णाहुति का कार्यक्रम 5 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को होगा 6 अप्रैल 2025 दिन रविवार को श्री रामनवमी महानवमी पर जवारा विसर्जन एवं कन्या पूजन का आयोजन मां दुर्गा मंदिर में किया जाएगा मंदिर के पुजारी ने बताया कि भक्तो के मनोकामना ज्योत कलश के लिए पंजीयन का कार्य प्रारंभ है।

### मैनपुर देवभोग मार्ग पर पिकअप पलटी




**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्य मार्ग में इन दिनों लगातार सड़क में दुर्घटना का ग्राफ बढ़ता जा रहा है जुगाड़ के पास गद्दा से भरा एक पिकअप पलट गई। जिससे वाहन चालक को चोट लगी है जिसका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है।

### सरपंच संघ की बैठक आज

**छुरा।** सरपंच संघ की प्रथम बैठक दिनांक 26 मार्च समय 12 बजे जनपद कार्यलय छुरा के सभा कक्ष में रखा गया है। अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव, सचिव दीपक कुमार ध्रुव ने सभी सरपंचों को अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### हादसा : तेज रफ्तार कार ने जेंजरा के युवकों की ली थी जान

# जेंजरा में मातम, 3 युवकों की अर्थी एक साथ निकली, पूरा गांव शोक में डूबा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम थाना क्षेत्र के जेंजरा गांव में मंगलवार को मातम छाया रहा। पूरा गांव शोक में डूबा हुआ था। यहां के तीन युवकों की अर्थी शमशानघाट के लिए एक साथ निकली। अर्थी के पीछे-पीछे आंसु बहाते पूरा गांव चलता रहा। इस ह्दय विदारक घटना में बाप को अपने लाडले बेटे की अर्थी को कंधा देना पड़ा। तीनों युवकों में, दो तो अपने बाप के इकलौता बेटे थे। जबकि एक के दो बेटे में से छोटे बेटे की जान चली गई। जेंजरा का मुक्तिधाम आंसुओ की सैलाब से भरा रहा। हर किसी के मुंह से एक ही आवाज निकल रही थी कि आज जेंजरा के ऊपर गाज गिरा है। दुखी तीनों परिवार को ढाढस बंधाने के लिए राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू के प्रतिनिधि ओंकार साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू के प्रतिनिधि नेहरू साहू, जेंजरा सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू, कौंदकेरा सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल साहू, गांव के सरपंच बोधन यादव, उपसरपंच प्रमोद साहू ▶▶|शेष पेज 11 पर









### मृतकों के परिजन को दी 25-25 हजार रूपए की सहायता राशि

राजिम विधायक रोहित साहू को इस घटना की जैसे ही खबर मिली वे उस वक्त रायपुर में थे वे तुरंत घायल पुरूषोत्तम को देखने मेडीसाइन हास्पिटल पहुंचे। डॉक्टरों से बात किया और राजिम के लिए रवाना हुए। यहां चीरघर में तीनों मृत युवाओं के शव रखे गए थे। परिवार के लोगों को उन्होने ढांढस बंधाते हुए रात बिताया और सुबह पीएम कराके तीनों के शव को जेंजरा गांव के लिए रवाना कर पीछे-पीछे जेंजरा पहुंचे। तीनों दुखी परिवार को शासन की ओर से 25-25 हजार रूपए की सहायता राशि अंतिम संस्कार के लिए तहसीलदार के माध्यम से दिया गया। वहीं विधायक 10-10 हजार रूपए नगद प्रदान किया। कार चालक की घोर लापरवाही और हाई स्पीड ने युवाओं की जान ले ली।

### जा रहे थे अपने गांव

इस घटना को अपनी आंखों से जेंजरा गांव के ही चंद्रहास कंवर उम्र 32 वर्ष ने देखा। हरिभूमि से चर्चा करते हुए इस युवक ने बताया कि वे अपने बड़े भैया पुरूषोत्तम कंवर उम्र 50 वर्ष के साथ राजिम से अपने गांव जा रहे थे। वे युवको के पीछे-पीछे चल रहे थे और सामने हादसा होते हुए अपने आंखों से देखा। गाड़ी पुरूषोत्तम चला रहा था और पीछे वे बैठे थे। ये दोनो भी स्पॉट में ही जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए जिसमें पुरूषोत्तम के पैरो में गंभीर चोटे आई है जिसे रायपुर के मेडीसाइन हास्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां ईलाज जारी है। खास बात इसमें यह दिखी है कि एक बाइक नोमचंद का हो गया, दूसरा बाइक पुरूषोत्तम का और तीसरा बाइक भी उसी घटना स्थल से पुलिस ने जप्ती किया है वह बाइक किसका है यह पता नही चल पाया है? बहरहाल राजिम पुलिस के एसआई श्री नाग, एएसआई जीवन साहू इस पूरे मामले की विवेचना में लगे हुए है।

## युवती का अश्लील वीडियो पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- 2 दिन में पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

गरियाबंद पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक युवती की अश्लील वीडियो शेयर करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र का है। 22 मार्च 2025 को पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से एक अश्लील वीडियो शेयर किया, जिसमें पीड़िता का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आईटी एक्ट की धारा 67-ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। **साइबर सेल की मदद से पकड़ा गया आरोपी-** गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव और उनकी टीम ने साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान की। पूछताछ के दौरान आरोपी सुगम पटेल (21 वर्ष), निवासी सिंधौरी खुर्द, थाना कुरूद, जिला धमतरी ▶▶|शेष पेज 11 पर

## 11 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में पुलिस ने 11 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 56 नग डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत 2800 रुपये आंकी गई है। नया सवेरा अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस द्वारा जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 24 मार्च 2025 को थाना प्रभारी देवभोग निरीक्षक गौतमचंद गावड़े को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गाड़ाघाट नाला के पास एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समारू सोरी (29 वर्ष), निवासी डोरामुड़ा, थाना मातली, जिला मलखानगिरी, ओडिशा के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में गाड़ाघाट, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से 56 नग डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब (कुल 11 लीटर) जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2800 रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में देवभोग थाना पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## ब्यारा में रखा पैरावट जलकर खाक



**फिंगेश्वर।** नगर के मौली पारा वार्ड में मंगलवार को किसान मोहन ध्रुव के ब्यारा में रखे पैरावट में अज्ञात रूप से आग पकड़ लेने से पैरावट जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैरावट मे आग लगभग 12 बजे के करीब लगी जो धीरे -धीरे भयावह हो गया और पूरी पैरावट धू धू करके जलने लगा। राजिम फायर ब्रिगेड को फोन कर बुलाया गया लेकिन तंग गली होने के कारण दमकल वाहन अंदर नहीं जा सका आखिरकार नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी को घटना की जानकारी मिलने पर वे घटना स्थल पहुंच गया और नगर पंचायत के जल सप्लाई टेंकर को बुलाकर आग बुझाने मे लगाया। नगर पंचायत के ट्रक्टर के पानी से ही आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक पैरावट जल राख हो गया था। घटना की जानकारी होने लोगों की भीड़ लगी रही वही पर वार्ड 12 के पार्षद हैप्पी अभिशेक सोनी भी पहुंचे थे।


HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 26 से 29 मार्च

समय: बुधवार से शनिवार (प्रात: 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)



- श्रवण यंत्र पर भारी छूट
- कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
- स्पीच थेरेपी



Google Rating ★★★★★ | PHILIPS Authorized dealer | 9659 455 455

Google Play | App Store

**बैरन बाजार (रायपुर)**
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**कचहरी चौक (रायपुर)**
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

**शंकर नगर (रायपुर)**
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**बिलासपुर**
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**अंबिकापुर**
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**कोरबा**
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**भिलाई**
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**धमतरी**
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर**
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड


# संत माता कर्मा तेली वंश की गौरव : इन्द्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- विधायक ने माता कर्मा के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




नगर साहू समाज अभनपुर के तत्वाधान में संत माता कर्मा जंयती के उपलक्ष्य में परिक्षेत्र साहू समाज भवन में स्थित मां कर्मा मंदिर में विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा पूजा अर्चना कर संत माता कर्मा का रथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह शोभायात्रा नगर के वार्ड नंबर 9-10, उपरपारा होते हुए किड्स पैराडाइज स्कूल प्रांगण में मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने सामाजिक सभा को संबोधित करते कहा कि संत माता कर्मा की जंयती साहू वंश में क्यो मनाई जाती है प्रत्येक व्यक्ति को इतिहास जानने और बताने की जरूरत है, संत माता कर्मा हमारे तेली वंश की गौरव है, जब जब तेली समाज मे कोई विपदा आई है तब तब माता कर्मा तैलीय वंश की उत्थान के लिए कवच बनकर रक्षा की है, वह कोई साधारण मनुष्य नहीं बल्कि देवी शक्ति है, भगवान जगन्नाथ को माता द्वारा खिलाई गई खिचड़ी वही प्रसाद आज भी प्रासंगिक है, इसी तरह माता राजिम भी तैलिक वंश की गौरव है जो भगवान विष्णु की अन्यय भक्त थी प्रतिदिन भगवान को तेल अर्पित करती थी, भगवान विष्णु प्रसन्न होकर माता राजिम को वरदान दिया कि मेरे नाम से पहले माता राजिम का नाम लिया जायेगा इसलिए लोग राजिमलोचन महराज की जय बुलाते है इसी तरह दानवीर भामाशाह भी साहू वंश से आत है जिन्होने देश की आजादी मे अपना सबकुछ समर्पित कर आजादी मे योगदान दिया ऐसा ▶▶|शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**



## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का महापौर मीनल चौबे ने किया स्वागत

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू रविवार को राजधानी पहुंचीं। माना एयरपोर्ट पहुंचने पर शहर की प्रथम नागरिक महापौर मीनल चौबे ने उनका बुके देकर आत्मीय स्वागत किया। भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के विशेष कार्यक्रम में भाग लेने रायपुर पहुंचीं। शहर के माना हवाई अड्डे में पहुंचने पर रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की ओर से उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## मांडविया से मिले भाजपा के मीडिया प्रभारी



**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने सपरिवार नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की और उन्हें उनके उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल की बधाई दी और उनसे छत्तीसगढ़ आने का अनुरोध किया। इस अवसर पर श्री चिमनानी ने डॉ. मांडविया के जन्म से लेकर अब तक के जीवन-वृत्त पर लिखी स्वरचित कविता भेंट की। श्री चिमनानी ने बताया कि डॉ. मांडविया के मार्गदर्शन में इस वर्ष जनवरी में स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित किया गया था। यह युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ है। डॉ. मांडविया ने पिछले लगभग एक दशक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री के तौर पर दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

## यादव ठेठवार समाज की सामाजिक समरसता यात्रा

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज ने सामाजिक समरसता और एकता के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा शुरू की है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि इस यात्रा को दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने रायपुर राज ठेठवार समाज मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता, गतिशीलता और सक्रियता को बढ़ावा देना, सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को जागृत करना। यात्रा में रामसिंह यादव, परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, नवीन यदु, हरिराम यदु एवं अन्य समेत मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सामाजिकजन शामिल हुए।

# 59 दुकानों का आवंटन माहांत तक, इसके बाद अटैच दुकानों के लिए मंगाए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए इसी माह 55 और नई दुकानें खुलेंगी। इसके अलावा 4 पुरानी दुकानों को फिर से आबंटित किया जा रहा है। इस तरह शहर में 59 नई दुकानें शीघ्र खुल जाएंगी। इन दुकानों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पहले ही पूर्ण कर ली गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार 59 दुकानों के लिए आवेदन बड़ी संख्या में आए हैं, जिनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कुछ दिनों के भीतर इन दुकानों का आबंटन कर दिया जाएगा। इन दुकानों के आबंटन के बाद जिले में अटैच में चल रही राशन दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि जिले में कोविड काल के बाद दर्जनों दुकानें अटैच में संचालित हैं। इनमें कुछ दुकानों के संचालकों की मृत्यु हो चुकी है, तो कई दुकानों को चावल घोटाला सहित अन्य मामले में निलंबन किया गया हैं, वहीं कुछ दुकान के संचालक सरेंडर कर चुके हैं।

### अक्टूबर में 55 नई दुकानों को मिली थी स्वीकृत

शहर में हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए अक्टूबर 2024 में 55 और नई दुकानें खोलने की स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद इन दुकानों के आबंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। बताया जा रहा है कि इन दुकानों के लिए आवेदन 8 जनवरी तक मंगाए गए थे। इसके बाद से अब तक इन दुकानों का आबंटन प्रक्रिया अटका हुआ हैं। हालांकि आबंटन नहीं होने का कारण नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बताया जा रहा है। चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने की वजह से इन दुकानों का आबंटन नहीं किया जा सका। चुनाव पूरा हुआ तो विधानसभा का बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई। इसके कारण फिर आबंटन की प्रक्रिया अटक गई। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होते ही खाद्य विभाग दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों की मानें तो आगामी कुछ दिनों के भीतर 59 दुकानों के आबंटन की सूची जारी कर दी जाएगी।



### शहर में दुकानों की संख्या बढ़कर 283 हो जाएगी

शहर में पहले से 228 राशन दुकानें संचालित हैं। इनमें 98 दुकानों को पिछले वर्ष जुलाई माह में खोला गया था। इन दुकानों के खुलने के बाद भी कई राशन दुकानों में अभी भी हितग्राहियों को लंबी लाइन लगाना पड़ रहा हैं, जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। इस परेशानी को खत्म करने के लिए ही शहर में दुकानों की संख्या बढ़ाने के लिए 55 नई दुकानें खोली जा रही है। इस तरह शहर में दुकानों की संख्या बढ़कर 283 हो जाएगी। दुकानें बढ़ने से हितग्राहियों को कम समय में राशन मिल पाएगा।

### जल्द आवंटित की जाएंगी दुकानें

शहर में 59 दुकानों का जल्द ही आबंटन किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। इन दुकानों के आबंटन के बाद अटैच में संचालित दुकानों के लिए आवेदन मंगाए जाएंगे।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

**संज्ञान : अवैध कब्जा हटाने बरोली सरपंच ने जारी किया नोटिस**

# शासकीय भूमि गौठान पर अवैध अतिक्रमण, भेजा गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में नरवा, गरवा, घुरवा अऊ बारी के संरक्षण हेतु प्रत्येक पंचायत में गौवंश को सुरक्षित रखने गौठान का निर्माण किया गया है। बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में गौठान के लिए एक एकड़ जमीन आरक्षित कर निर्माण कार्य कराया गया था। परन्तु, निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पूर्व के भूपेश सरकार ने एक अच्छे सोच के लावारिस हालत में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए गौठान योजना लागू किया था। जमीनी स्तर पर यह योजना सफल नहीं हो पाया। लेकिन, अतिक्रमणकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आबंटित शासकीय भूमि को कब्जा करने जरा भी नहीं सोचा कि भविष्य में क्या होगा। ग्राम पंचायत बरोली में गौठान की शासकीय भूमि पर निर्मल सिदार, अस्पताल कर्मचारी क्वार्टर के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर कंसराम एवं अन्य लोगों द्वारा बरोली के धरोहर पहाड़ी की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। जिसे अतिक्रमण मुक्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जैसे ही नवनिर्वाचित सरपंच को पता चला कि गौठान के लिए आरक्षित भूमि है। ग्राम पंचायत बरोली के सरपंच द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस जारी किया गया है।

### गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने का पंचायत को अधिकार



उल्लेखनीय है कि गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा होने पर छत्तीसगढ़ राज पंचायत अधिनियम 1993 के तहत ग्राम पंचायत को अतिक्रमण हटाने का अधिकार है और पंचायत धारा 56 के तहत कार्रवाई कर सकता है। पंचायत राज अधिनियम में प्रावधान है कि पंचायत में प्रस्ताव कर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत गांव की सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन व उसमें अतिक्रमण रोकने का दायित्व छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को दिया गया है।

## सोनोग्राफी व अन्य रिकॉर्ड अपडेट नहीं करने पर अंबिका हॉस्पिटल के संचालक को भेजा नोटिस

**सरायपाली।** नेशनल हाईवे 53 ओडिशा रोड पर सागरपाली खरखरी के पास स्थित अंबिका हॉस्पिटल के संचालक को मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पीसी-पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत हॉस्पिटल संचालन में विभिन्न कमियों के पाए जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया द्वारा अंबिका हॉस्पिटल के संचालक को जारी नोटिस में कहा गया है कि विगत दिनों 22 मार्च 2025 को पीसी-पीएनडीटी के तहत वे स्वयं व डॉ. छत्रपाल चंद्राकर (जिला नोडल अधिकारी) (पीसी-पीएनडीटी) द्वारा सोनोग्राफी केंद्र अंबिका हॉस्पिटल में निरीक्षण किया गया। एएनसी रजिस्टर पूर्ण नहीं थे। पीसी-पीएनडीटी एक्ट की बुक उपलब्ध नहीं थी, सोनोग्राफी स्लाइड का रिकार्ड संधारण नहीं था, पिछले 02 वर्ष का एएनसी रजिस्टर सुरक्षित नहीं रखा गया था तथा डिस्प्ले बोर्ड (सोनोग्राफी का समय) नहीं लगाया गया था। इसे लेकर हॉस्पिटल प्रबंधन से 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुतकरने कहा गया है।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर संभाला कार्यभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सदस्यों के प्रथम सम्मिलन में राजस्व मंत्री टंकराम हुए शामिल

जिला पंचायत रायपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन अग्रवाल और उपाध्यक्ष संदीप यदु सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को शपथ ग्रहण कर कार्यभार संभाला। इसके बाद कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन आयोजित किया गया। इस सम्मिलन में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मिलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाती हैं, और इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी त्रिस्तरीय पंचायत के कंधों पर है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि वे अंतिम छोर तक पहुंचकर जनकल्याण के कार्य करें ताकि जनता उन्हें हमेशा याद रखे, भले ही वे पद पर न हों। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब और विधायक मोतीलाल साहू भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# विधानसभा परिसर में राष्ट्रपति ने कदम्ब का पौधा लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर थीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति ने विधानसभा परिसर में कदम्ब का पौधारोपण किया। पौधा रोपण के बाद विधानसभा के सदस्यों के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लिया। इसके पूर्व सुबह 10.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर आगमन पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, महापौर मीनल चौबे, रमेश बैस, सरोज पाण्डे, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। राष्ट्रपति सड़क मार्ग से विधानसभा पहुंचीं। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा, राष्ट्रपति के सचिव दीप्ति उमाशंकर एवं राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना आदि उपस्थित थे। राष्ट्रपति इसके बाद छत्तीसगढ विधान सभा के सभागृह में पहुंचीं एवं वहां उन्होंने 'सदस्य संदर्भ' पुस्तक का विमोचन किया एवं इस पुस्तक की प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेंट की। विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# बृजमोहन ने लोकसभा में पूछा, छग का पर्यटन बढ़ाने सरकार क्या कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद के प्रश्नकाल के दौरान केंद्र सरकार से राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी।

सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से प्रश्न पूछते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर, बस्तर आदि के विकास के लिए सरकार की कार्ययोजना का ब्यौरा मांगा। उन्होंने यह भी पूछा, क्या केंद्र सरकार राज्य में धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज जारी करने पर विचार कर रही है। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना जैसे सड़क, परिवहन, होटल और सुरक्षा सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में की जा रही पहल की जानकारी भी मांगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया, स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत के बाद से देशभर में 5287 करोड़ रुपए की लागत से 76 पर्यटन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी एक परियोजना शामिल है। तीर्थ स्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन (प्रशाद) योजना के तहत देशभर में 1620.21 करोड़ रुपये की लागत से 48 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी एक परियोजना शामिल है। श्री शेखावत ने बताया, वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास की विशेष योजना एसएएससीआई के तहत छत्तीसगढ़ में दो परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है, जो कुल 3295.76 करोड़ रुपए की लागत से 40 परियोजनाओं का हिस्सा है।

**शोक-संदेश**

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा- न्यन्यानि संयाति नवानि देही।।

जन्म 15/04/1945



स्वर्गवास 20/03/2025

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पति जी **स्व. भुखनसिंह ठाकुर** का आकस्मिक निधन दिनांक 20/03/2025 दिन गुरूवार को हो गया है। अतः आप सपरिवार पधारकर मृत देह की अमर आत्मा को शांति प्रदान करने में सहयोगी होवें।

**कार्यक्रम - सतनाहवन : 26.03.2025, दिन बुधवार**
**समय : तालाब कार्यक्रम 12 बजे, स्थान : घुटकूनवापारा (गरियाबंद)**

**शोकाकुल परिवार**
श्री तोरण, प्रताप, हेमसिंग, छबीराम, नंदकुमार, जहान, रूपेश, सोमन, मनसुख, अंकालूराम, धनुस, मोतीलाल, अलखराम एवं समस्त मरकाम परिवार

**विनीत**
नरबदिया बाई (पत्नि)
राकेश ध्रुव (पुत्र), उमाबाई ध्रुव (बहू)
सुखबाई ध्रुव (भाभी)
ग्राम घुटकूनवापारा जिला गरियाबंद (छ.ग.)

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो तो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप

### पुत्र के जन्म दिन पर न्योता भोज का आयोजन



**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में पालक डोलूराम साहू के पुत्र के जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों को खीर पुड़ी वितरण किया गया। छात्र का नाम पीयूष साहू जो कि कक्षा चौथी का विद्यार्थी है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख देवचरण साहू द्वारा पीयूष साहू को पेन प्रदाय किया। इस मौके पर शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति मुकेश प्रजापति, कक्षा शिक्षक मेघा ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### नांदगांव खल्लारी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम नादगांव स्थित माता खल्लारी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी ग्रामीण व समिति के सदस्यों द्वारा जोरों से की जा रही है। मनोकामना ज्योत 30 मार्च को 11:24 से 12:24 बजे तक प्रज्वलित किया जाएगा। ज्योत स्थापना के लिए मंदिर के पुजारी टिकेश्वर पटेल, कौशल पटेल, योगेश पप्पू पटेल तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष गजेंद्र पटेल एवं नाथूराम धीवर से संपर्क किया जा सकता है।

### खरोरा में मनाई गई माता कर्मा की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई। जिसमें पंच अंजू चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि मां कर्मादेवी भगवान की महान भक्त थीं, इसलिए कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। तब माता ने अपने सामने बैठकर भगवान कृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी और मां कर्मादेवी की जयंती को अनिवार्य रूप से मनाया जाता है।

**समस्या :** यात्री प्रतिक्षालय को तोड़ा, धूप में बैठकर बसों का इंतजार करने को हैं मजबूर

# बस स्टैण्ड में सुविधाओं की दरकार यात्रियों के लिए प्याऊ की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर का बस स्टैंड वर्षों पुराना है लेकिन यहां सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है बस स्टैंड में यात्रियों के लिए प्याऊ तक की व्यवस्था नहीं है और तो और यात्री प्रतिक्षालय भवन को तोड़ देने के कारण यात्रिगण छोटे-छोटे बच्चों को लेकर तेज धूप में खुले आसमान के नीचे वाहनों का इंतिजार करते नजर आते है। कहने को तो मैनपुर ब्लॉक, तहसील एवं अनुविभाग मुख्यालय है और यहां के बस स्टैंड में यात्री बस, टैक्सी, जीप सहित सैकड़ों वाहन प्रतिदिन पहुंचते है रायपुर, महासमुंद, छुरा, गरियाबंद, देवभोग, ओड़िशा, नगरी, सिहावा, धमतरी, जगदलपुर क्षेत्र से सैकड़ों यात्रिगणों का आना- जाना लगा रहता है लेकिन बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव लंबे समय से बना हुआ है और तो और यात्रिगणों के लिए सर्वाजनिक प्याऊ नहीं होने के कारण यात्रिगणों को दुकान से पानी बाटल और पाउस खरीद कर पीना पड़ता है। लंबे समय से नगर व क्षेत्र के लोगो के द्वारा मैनपुर बस स्टैंड में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया जा रहा है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक न तो शासन प्रशासन ध्यान दे रही है न ही स्थानीय संबंधित अधिकारियों द्वारा जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



**सुधार किया जाएगा-** मैनपुर ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच हनिता नायक ने बताया की बस स्टैंड स्थित पुराना प्याऊ का फ्रिजर का जल्द सुधार करवाया जायेगा और अस्थाई प्याऊ भी खोला जायेगा यहां आने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सुविधा उपलब्ध कराने जल्द ही गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात कर मांग करेंगे।

### धूप में बैठकर बसों का करना पड़ता है इंतजार

मैनपुर बस स्टैंड में एक यात्री प्रतिक्षालय सन 1980 में निर्माण किया गया था इस यात्री प्रतिक्षालय को 3 वर्ष पहले तोड़ दिया गया और यहां नया यात्री प्रतिक्षालय निर्माण की बात कही गई थी लेकिन अब तक कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ और तो और एसडीएम कार्यालय के सामने एक यात्री प्रतिक्षालय को डेढ़ वर्ष पहले तोड़ दिया गया जिसके कारण यहां भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यात्रियों को तेज धूप में बैठकर वाहनों का इंतिजार करना पड़ता है।

### बंद पड़ा है फ्रीजर

मैनपुर बस स्टैंड के थोड़े दूर एसडीएम कार्यालय के सामने लगभग 20 वर्ष पहले प्याऊ घर बनाया गया है और इसमें 3 से 4 बार नया फ्रीजर खरीद कर लगाया गया है लेकिन फ्रीजर लगाने के बाद स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। आसपास दुकानदारों द्वारा फ्रीजर के ऊपरी हिस्सा को खोलकर पानी डाल देने से कुछ लोगों को पानी मिलता है बाकी समय बंद रहता है जिसके कारण स्थानीय बस स्टैंड में पहुंचने वाले यात्रियों को पानी खरीद कर पीना पड़ता है। मैनपुर बस स्टैंड में गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत को चाहिए की अस्थाई प्याऊ तत्काल प्रारंभ किया जाए जिससे यहां लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके।



# नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ पर निकाली गई कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

बकली के दुर्गा मंच में 24 मार्च से 26 मार्च तक जन जागरण 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य व वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा एवं मां गायत्री की कृपा से उनके सुक्ष्म संरक्षण में किया गया है। 26 मार्च को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक यज्ञ होगा जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल होंगे।

## पेज 9 के शेष...

### जेंजरा में मातम...

सहित हरिभूमि की टीम जेंजरा पहुंची हुई थी। मुक्तिधाम में तीनों की चिता को एक-एक कर रखा गया और मुखाग्नि दी गई। ईधर तीनों के परिवार में माताओं, बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्हें क्या मालूम था कि इतने कम उम्र में उनके बेटे उन्हें रोता बिलखता छोड़कर चला जाएगा।

**नोमचंद की मौके पर मौत, शीतल व घनश्याम ने हास्पीटल में दम तोड़ा-** दी गई जानकारी के मुताबिक गांव के झंगुराम साहू के बेटे नोमचंद साहू उम्र 20 वर्ष, कोमल राम साहू के बेटे शीतल साहू उम्र 15 वर्ष और तुलश राम साहू के बेटे घनश्याम साहू उम्र 15 वर्ष तीनों एक ही बाइक में सवार होकर सोमवार की शाम किसी काम से राजिम आए थे। तीनों युवक राजिम से अपने घर जाने के लिए 6:30 बजे निकले। कोई 10 किमी दूरी तय कर श्यामनगर से आगे बढ़ रहे थे कि गरियाबंद की ओर से बहुत ही तेज रफ्तार में मारूति सुजुकी कार आ रही थी। इस कार की स्पीड इतनी अधिक रही है कि बाइक सवार तीनों युवक को अपनी चपेट में ले लिया। ये युवक किसी फुटबाल की तरह उछलकर सड़क पर गिरे। इस दर्दनाक हादसे में नोमचंद की मौत मौके पर ही हो गई जबकि शीतल साहू की मौत राजिम के सरकारी अस्पताल पहुंचने के बाद हुई और घनश्याम साहू की मौत नवापारा के आयुष्मान हॉस्पिटल में। इस घटना की खबर देखते ही देखते जंगल में आग की तरह फैल गई। सूचना पाकर मौके पर तत्काल जेंजरा के सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू पहुंचे। उन्होने घायल युवकों को अस्पताल भिजवाने में मदद की। बता दें कि इस घटना के बाद कार सवार वहां से दफा हो गए। बताया गया कि यह कार माना गांव की है जो गरियाबंद से आ रही थी। राजिम पुलिस मौके पर पहुंचकर इस कार क्रमांक सीजी 04 एलजे 1139 को जब्त कर राजिम थाना ले आई है जबकि मौके पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त बाईक को थाना लाया गया है।

### युवती का अश्लील...

ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने पीड़िता और उसके पिता से हुए पुराने विवाद का बदला लेने के लिए यह वीडियो अपलोड किया था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से गाढ़े नीले रंग का Infinix कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया, जिसका इस्तेमाल इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड करने में किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी और मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने महज दो दिनों में आरोपी को पकड़कर मामले का खुलासा कर दिया, जिससे पीड़िता को न्याय मिल सका।

### संत माता कर्मा...

गौरव हमारे तेली समाज को वरदान स्वरूप मिला हुआ है।

**साहू समाज सामाजिक समरसता का भाव लेकर चलने वाला समाज है-** विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि मै एक कृषक परिवार, ग्रामीण अंचल से हूं आज सामाजिक सेवा की बदौलत इस मुकाम तक पहुंचा हूं, हमारी पहचान सामाजिक कार्यों से हुई है, समाज से बढक़र कोई व्यक्ति नहीं हो सकता है, समाज सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाता है इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर सामाजिक कार्यो मे हिस्सा बनना चाहिए। उन्होने कहा कि 20 वर्ष पूर्व सामाजिक पदाधिकारियो के द्वारा मां कर्मा रथ के माध्यम से गांव -गांव में धार्मिक आस्था के अनुरूप जागरूकता लाने का प्रयास किया गया था वह परंपरा आज विशाल रूप ले चुकी है, जब हम संगठित होकर किसी कार्य को करेगे तभी सफल हो पायेगे। इस अवसर पर नगर में समाज के अजीवन सदस्यों का श्रीफल एवं साफा भेंट कर विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष भोजराम साहू, टेकचंद साहू, पवन गुरूपंच, डॉ. सुखदेव साहू, डॉ. पतराम साहू, मदन लाल चंदन, अनुज राम साहू, अघनु राम साहू, लोकेश साहू, टिकेन्द्र साहू, रूपनारायण साहू, विकास साहू, नारायण साहू, घासुराम साहू, रूपनारायण साहू, मुरलीलाल साहू, कैलाश साहू, सागर साहू, भोजराम साहू सहित समाज के महिलाएं भी बड़ी संख्या मे उपस्थित रही।





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### सिंघौरी की तृप्ति वर्मा का नवोदय विद्यालय में चयन

**गरियाबंद।** जिले के शासकीय प्राथमिक शाला सिंघौरी से तृप्ति वर्मा, पुत्री योगेश्वर वर्मा एवं गायत्री वर्मा, का चयन नवोदय विद्यालय पांडुका में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है। तृप्ति शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं,



और उनके इस चयन से विद्यालय, संकुल एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सिंघौरी शासकीय प्राथमिक शाला लगातार विद्यार्थियों के चयन की उपलब्धि दर्ज कर रही है। वर्ष 2022-23 में दो छात्राओं ने एकलव्य विद्यालय में प्रवेश पाया। सत्र 2023-24 में दो सगे भाई-बहनों का चयन नवोदय एवं एकलव्य विद्यालय में हुआ।पिछले वर्ष भूमिका ध्रुव ने एकलव्य परीक्षा में पूरे गरियाबंद जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया था।इस वर्ष भी तृप्ति वर्मा का नवोदय विद्यालय में चयन, विद्यालय की निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों को दर्शाता है। तृप्ति के चयन पर उनके माता-पिता सहित संकुल प्राचार्य एल अग्रवाल, खंड शिक्षा अधिकारी जोशी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू, खंड स्त्रोत समन्वयक शुभाष शर्मा, प्रधान पाठक गोरेलाल ध्रुव ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नाबालिग बगैर हेलमेट के दौड़ा रहे हैं बाइक दुर्घटना की अंदेशा

**मैनपुर।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण इलाको के गांवो में नबालिक स्कूली बच्चे तेज रफ्तार मोटर साइकिल दौड़ा रहे हैं जिससे आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा के लोगों को बार-बार जगरूकता अभियान चलाने के बाद भी पालक अपने बच्चों के हाथों में मोटर साइकिल सौंप दे रहे हैं और तो और छोटे-छोटे बच्चे बगैर हेलमेट के तेज रफ्तार मोटर साइकिल में फर्राटे भर रहे है। मैनपुर हाई स्कूल मार्ग में कल दो स्कूल छात्र मोटर साइकिल से तेज रफ्तार से आ रहे थे कि सामने एक अन्य सायकल सवार से जा भीड़े जिससे छात्र और ग्रामीण घायल हो गए।

### रांवड़ में भागवत कथा आज से

**राजिम।** रांवड़ के विनायक परिवार द्वारा 26 मार्च से श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचणकर्ता पंडित दिलीप त्रिपाठी जी है। कथा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 3 से 5 बजे तक का रखा गया है। कथा का आयोजन स्व पुरणलाल निषाद, पुराणिक निषाद, चंद्रिका प्रसाद निषाद, बिसरू निषाद, मिलऊ निषाद, स्व खेदी बाई निषाद, मंटोरा निषाद, परणिया निषाद, मेहतरी निषाद, कुंवर बाई निषाद, नरबतिया निषाद, हेमलाल निषाद, दयाराम निषाद एवं अन्य मृत पुण्यात्मा के पुण्य स्मृति में कुंवरबाई निषाद द्वारा आयोजित किया गया है। प्रथम दिवस 26 मार्च को कलश यात्रा वेदी पूजन, गौकर्ण कथा। 27 मार्च को 24 अवतार कपिल कथा, 28 मार्च को सती कथा ध्रुव चरित्र, 29 मार्च को वामन अवतार समुद्र मंथन, 30 मार्च को राम-कृष्ण जन्म कृष्ण बाललीला, 31 मार्च को वृंदावन शोभा दही लूट, 1 अप्रेल को रूखमणी विवाह प्रद्युम्न जन्म, 2 अप्रेल को सुदामा चरित्र तुलसी वर्षा एवं 3 अप्रैल को गीता प्रवचण हवन पूजन पूर्णाहुति महाप्रसादी भंडारा का आयोजन होगा।

---

**जयंती : जिले में उत्साह के साथ मनाई गई संत माता कर्मा जयंती**

# माता कर्मा केवल साहू ही नहीं बल्कि पूरे समाज की प्रेरणा स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर के साहू समाज भवन, मां कर्मा मंदिर में मंगलवार को पूरे भक्तिभाव के साथ संत माता कर्मा जयंती एवं पापमोचनी एकादशी का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर तहसील महिला प्रकोष्ठ की मातृशक्ति ने भजन-कीर्तन कर श्रद्धा व्यक्त की और संत माता कर्मा एवं प्रभु श्रीकृष्ण की आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

- भजन-कीर्तन, आरती और प्रसादी वितरण से गूंजा मां कर्मा मंदिर

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने माता कर्मा की महिमा, उनके त्यागमयी जीवन और भक्ति मार्ग पर प्रकाश डाला। सभी ने एक स्वर में कहा कि माता कर्मा केवल साहू समाज की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने अपने जीवन में भक्ति, सेवा और समर्पण की जो मिसाल पेश की, वह आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक बनी हुई है। महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने माता कर्मा की आरती, पूजा, भजन-कीर्तन के साथ प्रसादी वितरण कर पूरे कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत के माध्यम से संत



माता कर्मा और प्रभु श्रीकृष्ण की स्तुति कर वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। तारकेश्वरी तनू साहू ने कहा की संत माता कर्मा केवल साहू समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श हैं। उनकी भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। समाज में एकता, सद्भावना और समर्पण की भावना बनाए रखने के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करना आवश्यक है।

इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग, महिला एवं पुरुष श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पूरे भक्ति भाव से कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजन के सफल समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था को देखकर यह स्पष्ट हुआ कि माता कर्मा की भक्ति समाज में गहराई से स्थापित है और आने वाली पीढ़ियों को भी इससे प्रेरणा मिलती रहेगी।इस दौरान समाज के ग्रामीण महिला अध्यक्ष-तहसील साहू संघ की संरक्षक मिलेश्वरी साहू उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका रमला साहु त्रेता साहू, ताकेश्वरी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष भुमिन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष बीमला साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, ऐश कुमारी साहू, सारिता साहू, तनुजा साहू, पुनीता साहू, रेणुका साहू, महेश्वरी साहू, चमेली साहू, पदमनी साहू, गीता साहू, उषा साहू, वेदिका साहू, रत्ना साहू, सुनीता साहू, अनिता उपस्थित थी।



### मां कर्मा जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के साहू समाज भवन में आज मंगलवार को साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती धुमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान साहू समाज के हजारों लोगों ने कलश यात्र निकालकर मैनपुर हरदीभाठा ग्राम का भ्रमण किए। कलश और शोभायात्रा में बढ़ी संख्या मे समाज के लोग शामिल हुए। पश्चात साहू सदन में विशाल समाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जो देर शाम तक जारी रहा।

### माता कर्मा से शासकीयकरण के लिए प्रार्थना



**छुरा।** जनपद पंचायत छुरा के हड़ताल स्थल पर जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू की उपस्थिति में भक्त माता कर्मा जयंती के पावन अवसर पर उनकी पूजा अर्चना कर सचिवों के शासकीय करण की मांग को जल्द पूरा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सदबुद्धि प्रदान करने की कामना की गई। हड़ताल स्थल पर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर, बोधन साहू, धनेश साहू, खेमन साहू, सुरेश साहू, अनिल साहू, गजेंद्र साहू, झगलू साहू, कृष लाल सिंहा, भीखम यादव, हुलास बघेल, डेचंद्र, डेरहा कुर्रे, दुवन तारक, युवराज साहू, युवराज सिहा, हरिचंद ध्रुव, भुवनेश्वर ध्रुव खिलेष नेताम, दामोदर सोरी, तीरथ नेताम, विष्णु साहू सहित समस्त पंचायत सचिव साथी उपस्थित रहे। भक्ति माता कर्मा की पूजा अर्चना के दौरान सभी पंचायत सचिव साथी ने अपने हाथों पर छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जारी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी को अपने हाथ में लेकर प्रदर्शन करते रहे, समस्त सचिव साथियों ने भक्ति माता कर्मा के सामने प्रण किया की हम सभी हड़ताल स्थल से हटने वाले नहीं है जब तक हमारा शासकीय कारण की मांग पूरा ना हो

---

### रामायण सम्मेलन में शामिल हुए जिपं सदस्य ...



**राजिम।** ग्राम धमनी में आयोजित त्रिदिवसीय रामायण सम्मेलन में जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यहां अदभुत आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति हुई। श्रीरामचरितमानस के सुंदर प्रसंगों का श्रवण कर समाज में मर्यादा, भक्ति और धर्म के प्रति आस्था का आयोजन हमारी संस्कृति और संस्कारों को सहेजने का कार्य करते हैं।



---

# कमारपारा में पेयजल की समस्या, क्रेडा विभाग का सौर प्लांट चार साल से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम सरकड़ा के पिछड़े आदिवासी कमार पारा में पानी की कमी एक आम समस्या है। लोगों की परेशानी को कम करने के लिए, प्रदेश सरकार ने केंद्र प्रायोजित जल जीवन मिशन इससे पहले क्रेडा विभाग ने सौर प्लांट एंव मोटर पम्प से सुविधा तीन वर्ष पूर्व दी थी, लेकिन कुछ दिन चलने के बाद बंद हो गया जो आज पर्यन्त तक संबंधित क्रेडा विभाग ने सुध नहीं लिया। सोमबति, सुकारो कमार इतनी गर्मियों में पानी लाने के लिए 2 किलोमीटर की पदयात्रा कर रही हैं। कहा कि अब गिनती करना मुश्किल है। वहीं शिव कमार, यशोदा कमार श्रीराम, मानकुंवर, मानसिंग, रूपौतिन, बलराम कमार ने कहा की हर गर्मियों में हम उम्मीद के खिलाफ उम्मीद करते हैं कि यह संघर्ष दोहराया नहीं जाएगा। हमें पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ता है। हम ग्रामीण कमार जिनमें से ज़्यादातर कुटिया कोंध के विशेष रूप से कमजोर पिछड़े आदिवासी समूह से हैं, एक पोखर से पानी लाने के लिए एक से दो किलोमीटर तक चलने के लिए मजबूर हैं। फुलमत, कलिराम, रेखा, भुवनेश्वर, अनिता, सुकारो, गैदू सभी कमार पारा ने कहा की ग्रामीण दो किलो मीटर दूर से भरी दोपहरी में पानी को लाते हैं, पानी चाहे दूषित क्यो न हो, लेकिन इससे हमेशा स्वास्थ्य को खतरा रहता है। बैसाखिन, मनीराम, गणेशिया, राजेश, सुरज कोमल पुर्णिमा ने कहा की सालाना इस संघर्ष से तंग आ गए हैं। जिला प्रशासन कलेक्टर कार्यालय आकर, सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और ओमकुमारी, भूमिका, रोमा, जानकी, आरती, रमेश, पूजा, लावेज, दिपिका, सोना, मोना, सुरक्षित पेयजल और बेहतर सुविधाओं की मांग को लेकर पहुंचेंगे।

- एक बाल्टी पानी लाने के लिए 2 किलोमीटर की पदयात्रा



**ट्यूबवेल बंद पड़े हैं**



सरपंच ग्राम पंचायत सरकंडा अमिता मनोज यदू ने कहा की पानी एक विशेषाधिकार है। हमारे पंचायत की महिलाओं को एक बाल्टी पानी के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। अमिता यदू ने बताया कि चार साल से समस्या बनी थी, मेरे प्रभार लेते ही संज्ञान में लिया और अतिरिक्त बोर से ट्युबवेल से पेयजल आपूर्ति कराई है। कमार आदिवासी बस्ती में 9 घर परिवार में 55 लोग रहते हैं, लेकिन उन्हें कभी भी सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं हुआ। पास के ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। जिन्हे चालू किया गया है। क्रेडा विभाग इसे पर्याप्त नहीं माने, अपने विभाग से दी जा रही सुविधा दूरूस्त करें। उन्हें ठीक करने के हमारे बार-बार अनुरोधों को अनदेखा कर दिया गया। अधिकारियों को इस मामले को प्राथमिकता देनी चाहिए क्योंकि सुरक्षित पेयजल तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है। क्रेडा विभाग गरियाबंद अशोक ने कहा की शीघ्र ही संबंधित ग्राम पहुंचकर जायजा लिया जायेगा।

---

# चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव, जिले से अशोक व अरुण निर्विरोध चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में जिले से अशोक सिंह राजपूत को प्रदेश उपाध्यक्ष और अरुण मिश्रा देवभोग को प्रदेश मंत्री के रूप में निर्विरोध चुना गया है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान समन्वय बनाकर संगठन में एकता बनाए रखने और व्यापारियों के बीच मनमुटाव को दूर करने के उद्देश्य से वरिष्ठ मार्गदर्शकों ने आम सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया। अपना चयन सुनिश्चित होने के बाद अशोक सिंह राजपूत और अरुण मिश्रा ने चेंबर के वरिष्ठ पदाधिकारियों, पूर्व



अध्यक्ष चंद सुंदरानी, अमर परवानी, सतीश थोरानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव, महामंत्री अजय भसीन और जिले के सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले में व्यापार और उद्योग की व्यापक संभावनाएं हैं, और वे भविष्य में क्षेत्र के युवाओं को स्टार्टअप एवं स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि यदि व्यापारियों को किसी प्रकार की समस्या होती है, तो उसे शासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। अशोक सिंह राजपूत और अरुण मिश्रा के निर्विरोध चयन पर गरियाबंद, राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, मैनपुर और देवभोग के व्यापारी संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

---

# कराते प्रतियोगिता में बच्चों ने 8 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नवा रायपुर में आयोजित दो दिवस राज्य स्तरीय स्टेयर्स कराते प्रतियोगिता में अभनपुर एनएस मार्शल आर्ट एकेडमी के बच्चों ने विभिन्न आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8 पदक जीते, जिसमें 6 वर्षीय गार्गी साहू ने स्वर्ण पदक 13 वर्षीय हिमांशु साहू ने स्वर्ण पदक तथा 6 वर्षीय चित्रांगना सिंह, चित्रांश सिंह, जाहन्वी सिन्हा ने 1-1 ब्रोंज मेडल साथ 7 वर्षीय गुरुशरण साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 14 वर्षीय हर्ष सोनवानी ने 1 ब्रोंज और 17 वर्ष शारदा सिन्हा ने 1 ब्रोंज मेडल प्राप्त



किया। एकेडमी कोच सागर सोनवानी और कोच नेमधारी सोनवानी के नेतृत्व में बच्चों का लगातार शानदार प्रदर्शन जारी है। बच्चों के पदक जीतने पर मनीष बाग, संतोष निर्मलकर, स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

---

# सीईओ ने इंदागांव पहुंचकर ग्रामीणों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इंदागांव इन दिनों सुर्खियो में है इस गांव में अचानक आत्महत्या के मामले बढ़ गये है मंगलवार को आत्महत्या के मामले की जानकारी लेने जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी घांसीराम मरकाम इंदागांव पहुंचे इस दौरान उन्होने ग्राम पंचायत में ग्रामीणों पंचायत प्रतिनिधियो की बैठक लेकर आत्महत्या के कारणो की जानकारी लिया साथ ही ग्रामीणों और युवाओ से नशा, शराब से दूर रहने की अपील किया और ग्रामीणों के मांग पर कई रोजगार मूलक कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने की बात कही है। साथ ही इंदागांव के सबसे बड़े तालाब का निरीक्षण कर अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब सौन्दर्यीकरण गहरीकरण करवाने 50 लाख रुपए स्वीकृत करने की बात कही। गांव में अन्य निर्माण कार्यो के लिए भी राशि जारी करने की बात कही है। इस मौके पर जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यापालन अधिकारी श्वेता वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन



अधिकारी डीएस नागवंशी, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, बुधेश्वर साहू, पवन देवांगन, इंदागांव के सरपंच गुरूवारी बाई ध्रुव, रूपेश मसीह, रूपेन्द्र सोम, उपसरपंच कांति बस्तिया, भुवन यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

# मतदाताओं के लिए छग विकास पार्टी ने जारी किया गारंटी पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सरकार बनाने वाले वोटर्स को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए 76 साल में किसी भी पार्टी ने कोई प्रावधान नहीं किया है, जबकि मतदाओं के वोट से सत्ता में आने वाले विधायकों और मंत्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं। इसे देखते हुए लोगों को समस्याओं से मुक्ति दिलाने और मतदाताओं की सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ विकास पार्टी 12 सूत्रीय गारंटी पत्र जारी कर रही है। मोतीबाग प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पीआर खुंटे ने सोमवार को कहा कि कई सरकारें आई और गईं। इसे



बनाने वाले मतदाताओं को आज तक किसी प्रकार से आर्थिक लाभ किसी भी पार्टी ने नहीं दिया। आने वाले समय में लोकसभा और राज्य में सरकार बनाने के लिए होने वाले चुनाव में जनता अगर छत्तीसगढ़ विकास पार्टी को सत्ता में आने का अवसर देती है, तो उनके लिए अभी से पार्टी 12 सूत्रीय गारंटी पत्र की घोषणा करती है। इसमें हर मतदाता जो वोट डालेंगे, उन्हें 1750 रुपए हर महीने देने के साथ ही 3500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी देती है।

